# वी.यू. ने नानाजी का स्मरण किया

जबलपुर। आज दिनांक 31.01.2019 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने एक समारोह में राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को भारत रत्न से सम्मानित करने के उपलक्ष्य में माल्यार्पण कर स्मरण किया।

इस अवसर पर माननीय कुलपति ने सभागार में उपस्थित अधिष्ठाता संकाय, संचालकगण एवं अन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि हमारे लिये गौरव की बात है कि इस वि.वि. का नामकरण नानाजी देशमुख के लिये गये संकल्प को पूर्ण करना है। नानाजी देशमुख के अनुसार हमें एक इकाई के अनुसार कार्य करना है।

डॉ. जुयाल ने कहा कि हमें नानाजी के आदर्शों को आत्मसात करते हुये ग्रामीण विकास व ग्रामोदय के माडल को अपनाना है तथा उसमें योगदान कर उनको सच्ची श्रध्दांजली अर्पण करना है।

इस अवसर पर डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. वाय.पी. साहनी, डॉ. सुनील नायक, डॉ. एस. के. जोशी, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. अमिता तिवारी सहित अनेक प्राध्यापकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ए.के. गौर द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर